शब्दार्थभानुः ।

.BDÂRTHA BHÂNÛ,

A

SKRITA-HINDUSTANI DICTIONARY

HE USE OF SECONDARY SCHOOLS.

Compiled under the directions of the
Punjab Text Book Committee

BY

NDIT BHÂNUDAT, VISHÂRAD.

SECOND EDITION.

PUNJAB TEXT BOOK COMMITTEE,
LAHORE.

All rights reserved.

1899.

LAHORE

RAI SAHIB M. GULAB SINGH

PRINTED FOR

PANDIT BISHAMBHARNATH,

SANSKRIT BOOK-SELLER, LAHORE, AT THE NIRNAYA-SAGAR PRE

Bombay:

ॐ

विज्ञापन ।

प्रथमसंस्करण.

प्रगट हो कि, प्रत्येक भाषामें पूर्ण व्युत्पत्ति लाभ करनेके लिये, उनके व्याकरण और कोशोंको जान लेनेकी सबको आवश्यकता बनी रहती है । यही कारण है कि, हमारे प्राचीन ऋषियों और पण्डितोंनेभी अपनी मातृभाषास्वरूप संस्कृत-भाषाके शुद्ध लिखने, और पढ़नेके लिये, अत्यन्त परिश्रम और पाण्डित्यके साथ कई अत्यन्त परिपूर्ण, और महो-पकारक व्याकरण और कोशोंकी पुस्तकें लिखी हैं, जिनको देख, बड़े २ पंण्डित चकित रह, उनकी प्रशंसा करते २ हारे हैं । परंतु यह एक बड़े शोकका विषय है, कि ये सब पुस्तकें आधुनिक अंग्रेज़ी पाठशालाओंके बीच जो रीति पढ़ाने पढ़नेकी चल रही है, कि विद्यार्थी, संस्कृत अंग्रेज़ी फ़ारसी उर्दू हिन्दी आदि भाषा, और गणित भूगोल इतिहास आदि सामयिक विद्याभी एक साथही सीखें, और समय २ में उनमें परीक्षा देकर उत्तीर्णभी होवें अधिक उपकारक नहीं होतीं । क्योंकि और २ भाषाके व्याकरण और कोशोंकी सरल प्रक्रियाकी नांई, इन प्राचीन संस्कृत-भाषाके व्याकरण और कोशोंकी रीति सुगम नहीं । रचना प्रणाली ऐसी कठिन रीतिके साथ संस्कृत भाषामेंही है, कि बिना कई एक वर्ष अध्यापकके पास पढ़े, और निरन्तर कण्ठ किये उपकारक नहीं होतीं ।

इस न्यूनताके पूर्ण करनेके लिये यद्यपि कितने एक महात्मा पुरुषोंने नई रीतिसे व्याकरण और कोशोंकी पुस्तकें लिखी हैं, और उनसे संस्कृत प्रारिप्सुओंका बहुतसा उपकारभी दर्शित हुआ है; परन्तु वह उपकार यथेष्ट उपकार नहीं; क्योंकि एक तो वे सब पुस्तकें अंग्रेज़ी भाषामेंही लिखी गयी हैं, दूसरे उनका मूल्यभी बहुत है स्कूलोंके संपूर्ण छात्र मोल नहीं ले सकते। इस न्यूनताके पूर्ण करनेके लिये अपने कई एक मित्रोंके अनुरोधसे यह एक छोटासा कोश जिसका नाम "शब्दार्थभानु" है, और जो संस्कृत पाठशालाओंके विद्यार्थियोंकीभी अंग्रेज़ी कोशोंकी नांई अकारादि क्रमसे शब्दार्थज्ञानरूप मनोरथ पियासाको शान्त करता है लिखा है । यद्यपि और २ कोशोंमें शब्द बहुत होंगे, और इसमें प्राय उनसे थोडे हैं; परंतु यह सब शब्द ऐसे हैं कि इनमें न तो कोई शब्द अति सुगम, न अप्रचलित और न केवल यौगिकही है, ऐसे २ शब्दहि लिखे हैं, जो कालेज और स्कूलोंके विद्यार्थियोंके अत्यन्त उपयोगी हैं ।

१ इस कोशके बहुत बड़ा हो जानेके भयसे एक यह रीतिभी इसमें रक्खी गई है कि, शब्दके भिन्नार्थ तो सब हों, परंतु अर्थोंमें पर्य्यायवाची शब्द न हों । यथा ।–"हरिः" इस शब्दके अर्थोंमें विष्णु, सूर्य्य, बन्दर, मेंडक, चांद, वायु, घोडा, यम, शिव, ब्रह्मा, किरण, इन्द्र, मोर, कोइल, हरा, भर्तृहरि आदि अर्थ तो हों; परंतु और बड़े २ कोशोंकी नांई सूर्य्य आदिके अधिक पर्य्याय न हों ।

२ इस ग्रन्थके लिखनेके समय बङ्गाली, अंग्रेज़ी, संस्कृत और महरटी भाषाके कई एक कोश, तथा संस्कृत–भाषाकी प्रचलित पुस्तकेंभी रखली गयींथीं, कि उनमेंका कोई शब्द और विलक्षण अर्थभी इसमें न रह जाय ।

३ शब्दके आगे यथाक्रम देश–भाषामें अर्थ दिखाया है; भिन्नार्थ शब्दको (,) लघु–विराम, हिन्दी अर्थको (;) गुरुविराम, और उर्दू अर्थको (।) पूर्ण विराम चिन्हसे पृथक् कर दिया है ।

४ क्रियावाची शब्दोंकी तालिका, उनके गण, पद, और हिन्दी अर्थसमेत अन्तमें लिख दी है ।

५ इसमें शब्द सब निर्विभक्तिक इसलिये लिखे हैं कि, विभक्ति लगानेसे एक २ शब्दके प्राय २१ स २, रूप बन जाते हैं कहांतक लिखें; परन्तु उनके जाननेके लियेभी व्याकरणसम्बन्धीय स्थूल २ थोड़ेसे नियम आरम्भमे दिखा दिये हैं। यह एक बड़े हर्षकी बात है, कि इस ग्रन्थको समग्र लिखकर अपनी असमर्थताके कारण लखु–पुरप्रदेशीय पाठ-शालाओंके परीक्षक और निरीक्षक श्रीमान् अलग ज़ैण्डर साहिब बहादुरके-पास जब छापनेके लिये निवेदन किया, तो विन्होंने वड़ी उपकार–दृष्टि और हृष्ट–चित्तके साथ राजकीय शिक्षा–प्रणालीके अध्यक्ष विद्योत्साही श्रीयुत मेजर हालरायड़ साहिब बहादुरकेपास भेज दिया, और उन्होंने देहली तथा लखुपुरीय विद्यालयस्थ संस्कृताध्यापकोंकी अनुमतिसे स्वयं अङ्गीकार कर, अपने निज द्वीपमें जानेके समय अपने स्थानापन्न उक्त गुण–सम्पन्न श्रीयुत कार्डरी साहिब बहादुरको पूर्ण आज्ञा देनेके लिये मन्त्रणा दी और उक्त साहिबनेभी कलिकत्ता विश्वविद्यालयके प्रधान परीक्षक, के, एम्, बन्द्योपाध्यायजीकी अनुमतिसे मुझको यथेष्ट पुरस्कार देकर छापनेकी आज्ञा दी, जिसके छापनेमें श्रीमान् हरिभक्त लाला बिहारी लाल पुरी कोठीवालेनेभी बहुत सहायता की है, जिसका मैं अत्यन्त कृतज्ञ हूं।

॥ इति ॥

सं. १९३२ वैशाख
सं. ई. १८७५ मं.

पुष्करज्ञातीय
पं. भानुदत्त विशारद।

द्वितीयसंस्करण सन १८९९

ईश्वर–कृपासे सन ९३ में १ म, संस्करण समाप्त हुआ था, और पुस्तक-प्राप्तिके लिये बहुतसे निवेदनपत्र, ग्रन्थ-कर्ताके नाम, और कईएक सण्टरेल बुकडिपोके मुख्य अधिकारी श्रीमान् रायसाहिब मुन्शी गुलाबसिंह एण्डसन्सके नाममी आये। इस निमित्त सन १८९५ मे उक्त मुन्शीसाहिबने उक्त कोशके पुनर्मुद्रित करानेका यत्न करके संशोधनार्थ ग्रन्थ-कर्ताके पास भेजा। ग्रन्थ-कर्ताने संपूर्ण स्वत्व राजकीय जानकर उक्त मुन्शीसाहिबको राजकीय आज्ञा लेनेके लिये निरोध किया, और इसपर राजकीयशिक्षा-प्रणालीके अध्यक्ष, गुण-ग्राही, विद्योत्साही, परम-दयालु, न्यायशील श्रीमान् जे. साईम साहिब बहादुर एम. ए. एल-एल-डी, सी. आई. ई की देशोपकार दृष्टिने पञ्जाब टैक्सबुक सुसाईटीको पुनर्मुद्रणार्थ उत्तेजना, और सुफारिश की, और उक्त सुयोग्य सभानेभी बहुतसे परामर्श और पञ्जाब देशीयपाठ-शालाओंके मुख्याध्यापकोंकी तथा एम. ए. स्टाईन रजिस्टरार पञ्जाब यूनीवर्सिटी की सम्मति ग्रहण करके "स्कूल संस्कृत हिंदुस्थानी कोश" नाम धरकर ३॥ मूल्यके पलटे छात्रोंकी सुविधाके लिये केवल २ रुपये मात्र मोलनियत कर मुम्बई निर्णयसागर प्रेसमे छापवानेका प्रबन्ध करके मुझे पुनः सुसंस्कृत करनेकी आज्ञा दी। जिसके अनुसार आज यह द्वितीय संस्करण आप लोगोंके दृष्टि-गोचर होता है।

यद्यपि इस संस्करणमें पृष्ठसंख्या कुछ घटी है; क्योंकि अप्रचलित शब्द, और शब्दोंके संस्कृत अर्थ कुछ निकाले गये हैं; तथापि और कई एक नये शब्द डालदेनेसे शब्द-संख्या चढ़भी गई है और हिन्दी भाषाके अमूल्य भंडारमें नवीन रत्न डाला गया है"

श्रीमान् पं. भानुदत्त शर्म्मा.

प्रस्तुत विभक्तियोंका शब्दोंमें जोड़नेके लिये स्वरूप, और उनके अर्थ.

अर्थ.	विभक्ति.	एक.	द्वि.	बहु.	भाषामें अर्थ
कर्ता–	प्र०	०	औ	अः	०–ने
कर्म–	द्वि०	अम्	,,	,,	को
करण–	तृ०	आ	भ्याम्	भिः	से, द्वारा–साथ–करके
सम्प्रदान–	च०	ए	भ्याम्	भ्यः	को–अर्थ–लिये–निमित्त–ताईं
अपादान–	पं०	अः	,,	,,	से
सम्बन्ध–	ष०	अः	ओः	आम्	का–के–की
अधिकरण	स०	इ	,,	सु	में–बीच–पर–ऊपर–पास

स्वरान्तशब्दोंका उच्चारण।

अकारान्त पुल्लिङ्ग (नर) शब्द ।

	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	नरः	नरौ	नराः
द्वि०	नरम्	,,	नरान्
तृ०	नरेण	नराभ्याम्	नरैः
च०	नराय	,,	नरेभ्यः
पं०	नरात्	,,	नरेभ्यः
ष०	नरस्य	नरयोः	नराणाम्
स०	नरे	,,	नरेषु
सं०	हे नर !	हे नरौ !	हे नराः !

सर्वनाम शब्दोंको छोड़ प्राय सब निम्न लिखित अकारान्त शब्द इसी (नर) शब्दकी नांईं जानो। यथा।–राम–कृष्ण–शिव–घट–कुम्भ–लेखक–पाठक–पाचक–रजक–कूप–सिंह–तरुण–वृद्ध–बाल–त्याग–वास–निवास–वियोग–संयोग–भोग–नास्तिक–भक्षक–नाश–भेक–मण्डूक–दर्दुर–क्रय–विक्रय–लाभ–आलोक–प्रकाश–गोपाल–शूर–वीर–आश्रम–सज्जन–दुर्जन–सुजन–भ्रम–विभ्रम आदि–

आकारान्त (सोम-पा) शब्द ।

वि०	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	सोमपाः	सोमपौ	सोमपाः
द्वि०	सोमपाम्	,,	,, पः
तृ०	सोमपा	सोमपाभ्याम्	सोमपाभिः
च०	सोमपे	सोमपाभ्याम्	सोमपाभ्यः
पं०	सोमपः	,,	,,
ष०	,,	सोमपोः	सोमपाम्

स०	सोमपि	,,	सोमपासु
सं०	हे सोमपाः !	हे सोमपौ !	हे सोमपाः !

(हाहा) शब्दको छोड़ प्राय सारे दीर्घ आकारान्त धातु निष्पन्न शब्द इसी शब्दकी नाईं हैं। यथा।– जलपा–कीलालपा–शङ्खध्मा–विश्वपा–आदि ।

इकारान्त (मुनि) शब्द ।

वि०	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	मुनिः	मुनी	मुनयः
द्वि०	मुनिम्	,,	मुनीन्
तृ०	मुनिना	मुनिभ्याम्	मुनिभिः
च०	मुनये	,,	मुनिभ्यः
पं०	मुनेः	,,	मुनिभ्यः
ष०	,,	मुन्योः	मुनीनाम्
स०	मुनौ	,,	मुनिषु
सं०	हे मुने !	हे मुनी !	हे मुनयः !

पति, और सखिको त्याग, सारे इकारान्त शब्द (मुनि)के तुल्य हैं। यथा।–हरि–अरि–कपि–कवि–अग्नि–वन्हि–दैत्यारि–नृप ति–भू पति–सीतापति–ज्ञाति–तिथि–गिरि–अद्रि–ध्वनि–जलधि–इषुधि–शरधि–रश्मि–अवि–रवि–कवि–कृमि–धर्म बुद्धि–पाप बुद्धि–अरत्नि–सारथि–आदि ।

पतिकी ३ या के एकवचनमे "पत्या" ५ मी ६ ष्ठी के एकवचनमे "पत्युः"

उकारान्त (साधु) शब्द ।

वि०	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	साधुः	साधू	साधवः
द्वि०	साधुम्	,,	साधून्
तृ०	साधुना	साधुभ्याम्	साधुभिः
च०	साधवे	,,	साधुभ्यः
पं०	साधोः	,,	,,
ष०	,,	साध्वोः	साधूनाम्
स०	साधौ	,,	साधुषु
सं०	हे साधो !	हे साधू !	हे साधवः !

शम्भु आदि सारे उकारान्त शब्द (साधु)की नाईं उचरित होते हैं। यथा।–भानु–मन्यु–जन्तु–बाहु–तन्तु–गोमायु–अणु–वेणु–भिक्षु–दस्यु–शिशु–सेतु–ओतु–हेतु–मृत्यु–क्रतु–विन्दु–बन्धु–सिन्धु–विधु–शत्रु–रिपु–हनु–प्रभु–निद्रालु–कम्बु–शम्बु–वेपथु–वायु–पायु आदि ।

ऊकारान्त पुल्लिङ्ग (प्रतिभू) शब्द ।

वि०	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	प्रतिभूः	प्रतिभुवौ	प्रतिभुवः
द्वि०	प्रतिभुवम्	,,	,,
तृ०	प्रतिभुवा	प्रतिभूभ्याम्	प्रतिभूभिः
च०	प्रतिभुवे	,,	प्रतिभूभ्यः

पं०	प्रतिभुवः	„	„
ष०	„	प्रतिभुवोः	प्रतिभुवाम्
स०	प्रतिभुवि	„	प्रतिभूषु
सं०	हे प्रतिभूः !	हे प्रतिभुवौ !	हे प्रतिभुवः !

खलपू, दन्भू, पुनर्भू, वर्षाभू, करभू, कारभू, सुद्ध, हुहू, स्वयम्भू आदि और सब ऊकारान्त शब्द इसीकी नाईं जानो।

ऋकारान्त (दातृ) शब्द।

वि०	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	दाता	दातारौ	दातारः
द्वि०	दातारम्	„	दातॄन्
तृ०	दात्रा	दातृभ्याम्	दातृभिः
च०	दात्रे	„	दातृभ्यः
पं०	दातुः	„	„
ष०	„	दात्रोः	दातॄणाम्
स०	दातरि	„	दातृषु
सं०	हे दातः !	हे दातारौ !	हे दातारः !

पितृ भ्रातृ दुहितृ आदि कई एक शब्दोंकी प्रथमा, और द्वितीयाके पहिले दो वचनोंको छोड़ निम्न लिखित प्राय सारे शब्द इसीके तुल्य हैं। यथा।—नेतृ–भर्तृ–भोक्तृ–होतृ–पोतृ–शास्तृ–यन्तृ–जेतृ–स्रष्टृ–धातृ–मातृ–कर्तृ–शासितृ–वक्तृ–विदितृ–भवितृ आदि।

ऌकारान्त एकारान्त ऐकारान्त शब्द अप्रसिद्ध हैं, इसलिये नहीं लिखे।

ओकारान्त (गो) शब्द।

वि०	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	गौः	गावौ	गावः
द्वि०	गाम्	„	गाः
तृ०	गवा	गोभ्याम्	गोभिः
च०	गवे	„	गोभ्यः
पं०	गोः	„	„
ष०	„	गवोः	गवाम्
स०	गवि	„	गोषु
सं०	हे गौः !	हे गावौ !	हे गावः !

सारे पुंलिंग ओकारान्त इसीकी नांईं होवे हैं।

औकारान्त (ग्लौ) शब्द।

वि०	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	ग्लौः	ग्लावौ	ग्लावः
द्वि०	ग्लावम्	„	„
तृ०	ग्लावा	ग्लौभ्याम्	ग्लौभिः
च०	ग्लावे	„	ग्लौभ्यः
पं०	ग्लावः	„	ग्लौभ्यः

ष०	ग्लाव:	ग्लावो:	ग्लावाम्
स०	ग्लावि	,,	ग्लौषु
सं०	हे ग्लौ: ।		

नौ, आदि सारे औकारान्त पुल्लिंग ऐसेही होते हैं।

अकारान्त पुल्लिंग शब्दोंकोही जब स्त्रीत्वकी विवक्षा होती है तो कोई आबन्त और कोई ईबन्त बन जाते हैं।

आबन्त (लता) शब्द ।

वि०	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	लता	लते	लता:
द्वि०	लताम्	,,	,,
तृ०	लतया	लताभ्याम्	लताभि:
च०	लतायै	,,	लताभ्य:
पं०	लताया:	,,	,,
ष०	,,	लतयो:	लतानाम्
स०	लतायाम्	,,	लतासु
सं०	हे लते	प्रथमावत्	

रमा–गङ्गा–शिवा–पीडा–क्रिया–प्रतिज्ञा–शोभा–भिक्षा–निन्दा–नौका–योषा–शाला–पाठ–शाला–आज्ञा–शङ्का–धारा–माला–मक्षिका–शर्करा–सुधा–देवता–सुन्दरता–आदि सब आबन्त स्त्रीलिङ्ग ऐसेही जानने।

इकारान्त (मति) शब्द ।

वि०	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	मति:	मती	मतय:
द्वि०	मतिम्	,,	मती:
तृ०	मत्या	मतिभ्याम्	मतिभि:
च०	मत्यै (तये)	,,	मतिभ्य:
पं०	मत्या:(ते:)	,,	,,
ष०	,,	मत्यो:	मतीनाम्
स०	मत्याम्(तौ)	,,	मतिषु
सम्बो०	हे मते !		

धृति–प्रीति–कान्ति–भ्रान्ति–शान्ति–नीति–भीति–रीति–प्राप्ति–शक्ति–भक्ति–मुक्ति–स्तुति–कीर्त्ति–ख्याति–पुष्टि–तुष्टि–दृष्टि–भूति–विभूति–भृति–निकृति–उपरति–आदि सारे इकारान्त स्त्रीलिंग इसीकी नांई जानों।

ईकारान्त (नदी) शब्द ।

वि०	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	नदी	नद्यौ	नद्य:
द्वि०	नदीम्	,,	नदी:
तृ०	नद्या	नदीभ्याम्	नदीभि:
च०	नद्यै	,,	,,
पं०	नद्या:	,,	,,

ष०	,,	नद्योः	नदीनाम्
स०	नद्याम्	,,	नदीषु
सम्बो०			

नगरी–पुरी–पुत्री–पृथिवी–मही–मेदिनी–धरणी–मैत्री–दरी–हंसी–शुनी–पिशाची–शशकी–देवी–मसी–मृणाली–दूती–जनिनी–धात्री–रजिनी–लेखिनी–बुद्धिमती–धनमती–वापी–युवती–तरुणी–मानुषी आदि सारे ईकारान्त इसी रीत जानो।

ऊकारान्त (वधू) शब्द।

एक.	द्वि.	बहु.
वधूः	वध्वौ	वध्वः
वधूम्	,,	वधूः
वध्वा	वधूभ्याम्	वधूभिः
वध्वै	,,	वधूभ्यः
वध्वाः	,,	वधूभ्याम्
,,	वध्वोः	वधूनाम्
वध्वाम्	,,	वधूषु,

भू, भ्रू, सुभ्रू आदि भिन्न सारे स्वम्भू आदि ऊकारान्त स्त्रीलिंग शब्द इसीकी नाईं होते हैं।

ऋकारान्त (दुहितृ) शब्द।

एक.	द्वि.	बहु.
दुहिता	दुहितरौ	दुहितरः
दुहितरम्	,,	दुहितॄः
दुहित्रा	दुहितृभ्याम्	दुहितृभिः
दुहित्रे	,,	दुहितृभ्यः
दुहितुः	,,	,,
,,	दुहित्रोः	दुहितॄणाम्
दुहितरि	,,	दुहितृषु
हे दुहितः	प्रथमावत्–	

स्वसृके सिवाय और सब यातृ–ननन्दृ–मातृ आदि ऋकारान्त शब्द एसेहि उच्चारित होते हैं।

ऐकारान्त (सुरै) आदि स्त्रीलिंग शब्द, पु. (रै)के; ओकारान्त (द्यो) आदि पु. (गो)के; औकारान्त (नौ) आदि पु. (ग्लौ) शब्दके तुल्य हैं।

स्वरान्त नपुंसकलिङ्गशब्दाः

अकारान्त (फल) शब्द।

वि०	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	फलम्	फले	फलानि।
द्वि०	,,	,,	,,

और विभक्तियोंमें अकारान्त पुलिङ्ग (नर)की नाईं हैं।

मङ्गल–शुभ–कुशल–शिव–कल्याण–क्षेम–चरित्र–दौत्य•पाण्डित्य–काव्य–सौन्दर्य्य–सौभाग्य–अन्वेषण–गवेषण–परिवेषण–प्रेरण–मस्तक–शरव्य–दान–गान–आव्हान–आमन्त्रण–वस्त्र–वासन–शासन–मण्डल–

स्थण्डिल-युद्ध=औपम्य-नक्षत्र-आरोग्य-ताम्र-धान्य-मरण-शरण-भरण-चरण-चिन्ह-लिङ्ग-लाञ्छन-तिमिर-तीव्र आदि फलवत् ।

आकारान्त (श्रीपा) शब्द ।

प्र०	श्रीपम्	श्रीपे	श्रीपाणि
द्वि०	,,	,,	,,

आकारान्त शब्द प्राय नपुंसकमें ऐसेहि उच्चारित होते हैं ।

इकारान्त (वारि) शब्द ।

विभ.	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	वारि	वारिणी	वारीणि
द्वि०	,,	,,	,,
तृ०	वारिणा	वारिभ्याम्	वारिभिः
च०	वारिणे	,,	वारिभ्यः
पं०	वारिणः	,,	,,
ष०	,,	वारिणोः	वारीणाम्
स०	वारिणि	,,	वारिषु
सं०	हे वारे(रि)!	हे वारे	

दधि, सक्थि, अक्षि, अस्थिके सिवा इकारान्त क्लीव लिङ्ग सारे विशेष्य शब्द इसी प्रकार हैं। दधि आदि शब्दोंमे इ लुप्त हो, ध् आदि ना आदिमे मिलजाते हैं । यथा-दध्ना-अक्ष्णा । आदि ।

उकारान्त (मधु) शब्द ।

वि.	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	मधु	मधुनी	मधूनि
द्वि०	,,	,,	,,
तृ०	मधुना	मधुभ्याम्	मधुभिः
च०	मधुने	,,	मधुभ्यः
पं०	मधुनः	,,	,,
ष०	,,	मधुनोः	मधुनाम्
स०	मधुनि	,,	मधुषु
सं०	हे मधो	,,	

सारे उकारान्त क्लीव लिङ्ग विशेष्य शब्दोंके ऐसेही रूप होते हैं ।

ऋकारान्त (धातृ) शब्द ।

प्र०	धातृ	धातृणी	धातृणि
द्वि०	,,	,,	,,
तृ०	धात्रा (णा)	धातृभ्यां	धातृभिः
च०	धातृणे(धात्रे)	,,	धातृभ्यः
पं०	धातृणः(धातुः)	,,	,,
ष०	,, ,,	धातृणोः(धात्रोः)	धातृणाम्
स०	धातरि	धातृणोः ,,	धातृषु
सं०	हे धातः (हे धातृ)	,,	,,

व्यञ्जनान्त शब्द ।

ककारान्त (सर्व-शक्) शब्द ।

विभ.	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	सर्व-शक् (ग्)	शर्व-शकौ	सर्वशकः
द्वि०	सर्वशकम्	,,	,,
तृ०	सर्वशका	सर्वशग्भ्याम्	सर्वशग्भिः
च०	सर्वशके	,,	भ्यः
पं०	,, कः	,,	भ्यः
ष०	,,	सर्वशकोः	सर्वशकाम्
स०	सर्वशकि	,,	सर्वशक्षु

खकारान्त, अञ्चधातुको छोड़ चकारान्त और जकारान्त शब्दोंकी १ मा, के १ क वचनमें ख को (क्-ग्), ३ या, आदि पञ्चम्यन्त विभक्तियोंके द्विवचनमें खको ग् होकर और सब रूप उक्तशब्दकी नांई होते हैं । यथा । चित्रलिक् (ग्) जलमुक् (ग्) ऋत्विक् (ग्) चित्रलिग्भ्याम्–जलमुग्भ्याम्–ऋत्विग्भ्यामित्यादि ।

छकारान्त (सर्वप्राच्छ्) शब्द ।

सर्वप्राट्–ड्	सर्वप्राच्छौ (शौ)	सर्वप्राच्छः (शः)
सर्वप्राच्छम्	,,	,,
सर्वप्राच्छा (शा)	सर्वप्राड्भ्याम्	सर्वप्राड्भिः
सर्वप्राच्छे (शे)	,,	,, भ्यः
सर्वप्राच्छः (शः)	,,	,,
सर्वप्राच्छः (शः)	च्छोः (शोः)	च्छाम् (शाम्)
सर्वप्राच्छि (शि)	,,	,, ट्सु (क्षु)

जकारान्त (सम्राज्) शब्द ।

विभ.	एक.	द्वि.	बहु.
प्र०	सम्राट्–ड्	सम्राजौ	सम्राजः
द्वि०	सम्राजम्	,,	,,
तृ०	सम्राजा	सम्राड्भ्याम्	सम्राड्भिः
च०	सम्राजे	,,	,, ड्भ्यः
पं०	सम्राजः	,,	,,
ष०	,,	सम्राजोः	सम्राजाम्
स०	सम्राजि	,,	सम्राट्सु
सं०	हे सम्राट् ड्	प्रथमावत्	

णकारान्त (सुगण्) शब्द ।

विभ.	एक.	द्वि.	बहु
	सुगण्	सुगणौ	सुगणः
	सुगणम्	,,	,,
	सुगणा	सुगण्भ्याम्	सुगण्भिः

सकारान्त (वेधस्) शब्द ।

प्र०	वेधाः	वेधसौ	वेधसः
द्वि०	वेधसम्	,,	,,
तृ०	वेधसा	वेधोभ्याम्	वेधोभिः
च०	वेधसे	,,	भ्यः
पं०	वेधसः	,,	,,
ष०	,,	सोः	साम्
स०	सि	,,	स्सु
सं०	हे वेधः	,,	,,

इस् उस् प्रत्ययान्तोंमें थोड़ासा भेद है, और सब असन्त ऐसेही होते हैं ।

हकारान्त (मधुलिह्) शब्द ।

प्र०	मधुलिट् (ड्)	,, लिहौ	,, लिहः
द्वि०	मधुलिहम्	,,	,,
तृ०	मधुलिहा	लिड्भ्यां	लिड्भिः
च०	मधुलिहे	,,	भ्यः
पं०	मधुलिहः	,,	,,
ष०	मधुलिहः	लिहोः	लिहाम्
सं०	मधुलिहि	,,	लिट्सु (त्सु)

दुहादि, खेतवाह् और अनडुह्को छोड़ और सब हकारान्त ऐसेही होते हैं ।

पं० भानुदत्त विशारद.

श्रीपरमेश्वरो जयतितराम् ।

शब्दार्थ-भानुः ॥

संस्कृत कोश-हिन्दीभाषामें.

पुं=पुल्लिङ्ग स=स्त्रीलिङ्ग न=नपुंसक त्रि=त्रीलिङ्ग व्य=अव्यय.

अ, संस्कृतवर्णमालाका १ ला, अक्षर इसका उच्चारणस्थान कण्ठ है ।

अ, पु. विष्णु (व्य). अभाव, अल्प, निषेध, सादृश्य, अन्यत्व, अप्राशस्त्य, विरोध । (अभाव) अकरुण (जिसमे दया नहीं) अल्प (अकेशी) थोड़े जिसके वाल हैं (निषेध) अलोप (लोपका अभाव) सादृश्य (अब्राह्मण) (ब्राह्मण जैसा) (अविद्वान्) (विद्वानके) सिवा ।

अऋणिन्, त्रि. ऋणरहित । बेकर्ज़ ।

अंश, पु. भाग, खण्ड (न) दिन, भूपरिधिका एक भाग ।

अंशक, पु. जाति (न.) दिन (त्रि) वारिस, वांटनेवाला ।

अंशकल्पना, स. हिस्सा कायम करना ।

अंश (स) कूट, पु. ककुद; वैलका कंधा ।

अंशन, न. पार्थक्य; वांट ।

अंशांश, पु. हिस्सेका हिस्सा, अलग २ हिस्सा ।

अंशित, त्रि. वांटा हुआ ।

अंशिन्, त्रि. भागी, भागकारी ।

अंशु, पु. सूर्यकी किरण, सूत आदिका अग्रभाग, किरण ।

अंशुक, न. वस्त्र, दुपट्टा ।

अंशुधर, } पु. सूर्य, सगरका पोता,
अंशु(मत्)मालिन्, } (त्रि) प्रकाशवाला ।

अंशुमालिक, पु. सूर्य, चांद ।

अंशुल, न. सुन्दर, (पु.) चाणक्यमुनि ।

अंस, पु. कंधा, हिस्सा ।

अंहति(ती), स्त्री. दान, भाग, भेंट, रोग, पीड़ा ।

अंहस, न. पाप । गुनाह ।

अंह्रि, पु. पांव, चौथा भाग, श्लोककी चौथाई ।

अंह्रिप, पु. पेड़.

अक, पु. वक्रगति पुरुष, (न) पाप, दुःख. ।

अकच, पु. केतुग्रह, (त्रि.) मुंडा हुआ ।

अकण्टक, त्रि. निरुपद्रव; बेखटके ।

अकठोर, त्रि. नाकड़ा, साफ । मुलायम ।

अकथित, त्रि. नकहाहुआ ।

अकर्तन, त्रि. वामन; वाउंना ।

अकर्ण, त्रि. जिसके कान नहिं; वहिरा ।

अकर्मक, पु. कर्मरहित धातु (त्रि) निकम्मा ।

अकर्मन्, पु. निकम्मा, आलसी ।

अकल्प, त्रि. निकम्मा, आलसी ।

अकस्मात्, व्य. दैवात् । अचानक ।

अकाम, त्रि. कामनारहित । वेख्वाहिश ।

अकाण्ड, व्य. असमय । वेमौकअ ।

अकाय, पु. राहुग्रह (त्रि) जिसका देह नहिं ।

अकार, पु. आद्यस्वर; पहिला स्वर ।

अकारण, न. व्यर्थ । वेफ़ायदा ।

अकार्य, न. असत्कर्म । बुराकाम ।

अकल्प, त्रि. रोगी । वीमार ।

अकिञ्चन, त्रि. निर्द्धन । मुफ़लिस ।

अकिञ्चन(त्व)ता, न. स्त्री. निर्धनता । मुफ़लसी ।

अकिञ्चित्कर, त्रि. जो कुछ नकहसके । नाचीज ।

अकिल्बिष, त्रि. निष्पाप । वेगुनाह ।

अकीर्ति, स. अपयश । वदनामी ।

अकु, स. बुरी धरती ।

अकुतोभय, त्रि. निर्भय; जिसे किसीसे भय नहिं।

अकुप्य, न. सोना, रूपा । [सूर्य ।
अकूपार (वार), पु. कछुआ, समुंदर, पत्थर,
अकृतचूड, त्रि. जिसका मूंडन नहीं हुआ ऐसा वालक ।
अकृतज्ञ, त्रि. कृतघ्न । एसानफरामोश ।
अकृतदार, पु. अविवाहित; क्वारा ।
अकृष्णकर्मन्, पु. आग (त्रि) निष्पाप ।
अकृत्स्न, त्रि. अपूर्ण; अधूरा ।
अकृष्टचल, त्रि. अनवाहा खेत ।
अकृष्ट, त्रि. अनवाहा खेत ।
अकेतु, त्रि. जिसपर कोई चिन्ह नहीं ।
अकैतव, त्रि. सचा, निष्कपट ।
अकोट, पु. सुपारीका पेड़ ।
अकोविद्, त्रि. अबोध, मूर्ख ।
अक्का, स. माता; मा । [मिलाहुआ ।
अक्त, त्रि. जुड़ाहुआ, प्राप्त हुआ २ प्रकट हुआ २,
अक्तु, पु. मरहम, न. रौशनी ।
अक्र, न. कवच, ध्वजा, किला ।
अक्रान्त, त्रि. अपराजित, स. (न्ता) वेंगनका पोदा।
अक्रतु, त्रि. असमर्थ, मूर्ख, इच्छारहित, ।
अक्रम, पु. वेतरतीव (न) वेतरतीवी ।
अक्रिय, त्रि. क्रियारहित । निकम्मा ।
अक्रूर, पु. श्रीकृष्णसखा, गांदिनीपुत्र, (त्रि) जो निर्दय नहिं । [पुत्र ।
अक्रोधन, त्रि. क्रोधरहित (पु) आयतकूपिका
अक्लम, त्रि. क्लांतिरहित । वेतकान ।
अक्लिष्ट, त्रि. क्लेशरहित; अथक ।
अक्लिष्टकर्मन्, पु. } अश्रान्त, क्लान्तिरहित
अक्लिष्टकारिन् त्रि. } अनथक ।
अक्लेद्य, त्रि. अश्रान्त, अनायाससाध्य । जो पानीमें गले नहीं, जो सहिज होसके ।
अक्ष, पु. कर्ष (१६ मासे) भर, पासा, व्यवहार, रुद्राक्ष, सर्प, चक्र, छकडा, रावण-पुत्र, गरुड़ (न) इन्द्रिय ।
अक्षक, पु. वहेड़ेका पेड़ (त्रि.) पासाखेलनेवाला ।
अक्षक्रीडा, स. द्यूतक्रीड़ा; पासेसे जूआ खेलना ।
अक्षण्वत्, त्रि. आंखवाला ।
अक्षत, त्रि. अखण्डित (न) भुजे चावल, जों (स्त्री) (ता) क्वारी कन्या, काकाड़ा सिंहीवूटी ।
अक्षधून, पु. जुवारिया ।
अक्षद्यूत, न. पासेकी खेल ।
अक्षद्यूतिक, न. जूएका झगड़ा ।
अक्षदेविन् पु. द्यूतकारी; जुवारिया ।
अक्षधूर्त, पु. अक्षशौण्ड; पासा खेलनेमें होशियार ।
अक्षधूर्तिल, पु. वृषभ; वैल ।
अक्षपाट्, पु. रङ्गभूमि; दङ्गल । [शिव ।
अक्षपाट(टि)क, पु. धर्माध्यक्ष । अदालती, मुन-
अक्षपाद, पु. न्यायशास्त्रकर्ता गौतममुनि, (न) रथका चक्र ।
अक्षम, त्रि. क्षमारहित (स्त्री) (मा) क्रोध ।
अक्षमता, स्त्री. ईर्षा, असामर्थ्य । [स्त्री अरुंधती ।
अक्षमाला, स. रुद्राक्षकी माला, वर्णमाला, वसिष्ठ-
अक्षय, त्रि. क्षयरहित, पु. ईश्वर, नित्य, (स) (या) योगविशेष । सोमकी अमावस, रविकी सप्तमी, मंगलकी चौथ । [तीज ।
अक्षयतृतीया, स. युगाद्यातिथि; वैशाख शुदी
अक्षय्य, न. जल (त्रि) नाश होनेके अयोग्य ।
अक्षयललिता, स्त्री. व्रतविशेष; भादो शुदी ७ मी, को स्त्रीयोंका ।
अक्षर, पु. विष्णु, शिव, ब्रह्मा, (न) ब्रह्म, आकाश, धर्म, तप, वर्ण, (त्रि) नाशरहित (स) (रा) वाणी ।
अक्षरचण(न), } त्रि. उत्तम लेखक । अच्छा कातिव ।
अक्षरचञ्चु, }
अक्षरजननी, स. लेखनी; कलम ।
अक्षरपङ्क्ति, स. छन्दोविशेष । भगणान्तेगद्वय ।
अक्षरमुख, पु. छात्र; विद्यार्थी ।
अक्षवती, स. द्यूतक्रीडा; जूएकी खेल ।
अक्षसूत्र, न. मालाका डोरा, यज्ञोपवीत ।
अक्षहृदय, न. पासा खेलनका हुनर ।
अक्षांश, पु. भूगोलके ऊपर कल्पित रेखा । [हसद ।
अक्षान्ति, स. अक्षमा, असहिष्णुता । वेसवरी ।
अक्षार, पु. लवन; निमक । [सैंधानिमक, धांई ।
अक्षारलवन, न. गोघृत, दूध, मुंगी, तिल, जों ।
अक्षि, न. चक्षु; आंख ।
अक्षिकूटक, न. आंखका गोला;
अक्षिव, पु. सुहांजनेका पेड़, (न) सैंधानिमक ।
अक्षीण, त्रि. पूर्ण, अदीन ।
अक्षीव, त्रि. स्थिर चित्त(न) सेन्धानिमक, ।

अक्षीयमाण, न. न नाश होनेवाला, ।
अक्षुण्ण, त्रि. चोरसे बचा हुआ, नया ।
अक्षेत्र, न. जिस खेतमें कुछ न पैदाहो ।
अक्षेत्रिन्, त्रि. जिसका खेत नहिं ।
अक्षोट्(ड) पु. अखरोटका पेड़ । न उसका फल.
अक्षोभ, त्रि. क्षोभशून्य (पु.) हाथी बांधनेका खूंटा ।
अक्षौहिणी, स. सेनाविशेष २१९७० हाथी, २१९७० रथ, ६५६१० घोड़े,१०९३५० पैदल।
अखट्ट(ट्टि),पु.पीपलका पेड़, बुरा खयाल, व्याधी।
अखण्ड, त्रि. पूरा, (न) ब्रह्म ।
अखण्डकल, पु. पूरा चन्द्रमा ।
अखण्डद्वादशी, स. भादोंसुदी द्वादशी ।
अखण्डपरशु, पु. परसराम ।
अखर्व, त्रि. दीर्घ; लंबा ।
अखात, पु. देवखात; झील ।
अखाद्य, त्रि. अभक्ष्य; न खाने योग्य ।
अखिल, त्रि. सर्व; सारा ।
अखिलेन, व्य. सब तरहसे । [शङ्कर, निंदा ।
अख्यात, त्रि. अप्रसिद्ध (स) (ति) अपवाद । नाम
अग, पु. पर्वत, वृक्ष, सर्प, सूर्य ।
अगज, न. धातु वि० । सिलाजीत ।
अगणन, न. / **अगणित,** त्रि. / **अगण्य,** न. } असंख्य; अनगिनत ।
अगत, त्रि. विद्यमान (स) (ति) गतिहीन, अनुपाय । मौजूद, उपायरहित ।
अगतिक, त्रि. निराश्रय; अनाथ ।
अगत्या, व्य. तुतरां । लाचार ।
अगद, पु. ओषधि (त्रि) नीरोग।दवाई,तनदरुस्त।
अगदङ्कार, पु. वैद्य। तबीब ।
अगदन, न. वैद्यविद्याका अंग ।
अगम, पु. वृक्ष, पर्वत, दुर्ग, अपमान (त्रि) जिसपर चढ़ा न जाय। [स्त्रीसे भोग करनेमें पाप हो।
अगम्य, त्रि. गमनके अयोग्य, (स) (म्या) जिस
अगरी, स्त्री. एक बूटीकी जड़ जिसके लगानेसे मूसा काटेका विष दूर होताहै ।
अगरु, न. पु. सुगन्धिवाला काष्ठ, गुग्गल, न्दस वर्ण।

अगस्त(स्ति) पु. मुनिविशेष; मित्रावरुणीके वीर्यसे उर्वशीके गर्भमें उत्पन्न, खास पेड़ ।
अगस्त्योदय, पु. भादोंमें १७ दिन आकाशमें नक्षत्ररूपमें उदय । [गड़ा ।
अगाध, त्रि. जिसकी थाह न आवे, गहिरा, (न)
अगु, पु. राहुग्रह, (त्रि) किरणरहित, ।
अगुरुगंध, न. हींग् ।
अगृही(भी)त, त्रि. नपकड़ा हुआ ।
अगृह्य, त्रि. न पकड़ने योग्य । [ब्रह्म ।
अगोचर, त्रि. जो इन्द्रियोंसे न देखा जाय (न)
अगौकस, पु. सिंह, शरभ एक पशुविशेष, ।
अग्नायी, स. अग्निभार्या, स्वाहा । [ड़, सोना ।
अग्नि, पु. आग, अग्निकोनका देवता, भिलावेका पे-
अग्निक, पु. पटवीजना ।
अग्निकण, पु. स्फुलिंग, आगका चंगारा ।
अग्निकार्य, पु. यज्ञसे पहिला कर्म, अग्निक्रिया अग्निकर्म इनपदोंकाभी यही अर्थ । [जैसा ।
अग्निकल्प, त्रि. अग्निमय, उग्र, क्रोधी । आग
अग्निकोण, पु. पूर्व और दक्खनके बीचका कोना।
अग्निगर्भ, पु. सूर्यकान्तमणि, आतशीशीशा, जंडीका पेड़ ।
अग्निचय, पु. वेदीसंस्कार ।
अग्निचित्, पु. अग्निहोत्री ।
अग्निचित्या, स्त्री. यज्ञकी अग्निका स्थापन ।
अग्निचूडा, स्त्री. आगका शोला ।
अग्निजिव्हा, स्त्री. आगका शोहला । [लाट ।
अग्निज्वाला, स्त्री. गजपीपल,धातकी वृक्ष, आगकी
अग्नित्रय, न. गार्हपत्य, आह्वनीय और दाक्षिण्य तीन अग्नियें ।
अग्निदूत, पु. यम ।
अग्निध्वज, पु. धूम; धूंआं । [श्लोक हैं ।
अग्निपुराण, न. १८ मेंसे एक, जिसका १६ हज़ार
अग्निबीज, न. स्वर्ण, कार्तिकेय ।
अग्निभू, न. सोना, कृत्तिका नक्षत्र ।
अग्निभूति, पु. बौद्धभेद; जैनमतवालोंका सबसे पिछला गुरु । [अरणी ।
अग्निमन्त(न्थ), पु. श्रीपर्णवृक्ष अगस्त्यमुनि,
अग्निमुख, पु. देवता, ब्राह्मण (स्त्री) (खी) भिलावा।
अग्निवाह(हु), पु. धूंआ ।

अग्निशिख(शेखर), पु. दायक, बान, कुसुंबेका [पेड़, केसर, सोना,

अग्निष्टुत, पु. प्रायश्चित्तविशेष गौब्राह्मणके मारनेसे अग्निदेवताकी स्तुतिरूप कर्म । [अङ्ग ।

अग्निष्टोम, पु. यज्ञविशेष; ज्योतिष्टोमका १ म

अग्निष्वात्त, पु. मरीचिकी सन्तान, पितर, पितरोंका लोग ।

अग्निसख, पु. वायु । हवा । [काम ।

अग्निसंस्कार, पु. शवदाहक्रिया, मुर्दा जलानेका

अग्निसात्, व्य. अग्नि जैसा ।

अग्निस्वामिन्, पु. राजा वि० ।

अग्निषोम, पु. अग्नि और सोम ।

अग्निषोम्य, न. अग्नि और सोमकी हवि ।

अग्निहोत्र, न साग्निकोंका प्रात्यहिक कर्तव्य होम, पु. घृत ।

अग्निहोत्रिन्, पु. आहिताग्नि; वेदमंत्रोंसे अग्नि स्थापन करके उसमें नित्य होता ब्राह्मण ।

अग्नि(ग्नी)ध्र, पु. अग्निरक्षक ब्राह्मण ।

अग्निध्रीय, पु. दक्षिणाग्नि । [आग धरी रहती है ।

अग्न्यागार, पु. होमगृह; जिस घरमें सदैव होमकी

अग्न्याधान, न. होमके लिये वेदीमे आगका धरना।

अग्न्याहित, पु. साग्निक ब्राह्मण । [१६ मासे ।

अग्र, न. सामने, ऊपर, चोटी, (त्रि) उत्तम अधिक,

अग्रकर, पु. दहना हाथ, लगामका सिरा ।

अग्रन, त्रि. अगुआ । पेशवा ।

अग्रगण्य, त्रि. सबसे आगे गिनतीके योग्य ।

अग्रगामिन्, त्रि. अगुआ । [जन्मा हुआ ।

अग्रज(जात), पु. ब्राह्मण, बड़ाभाई (त्रि) आगे

अग्रणी, त्रि. प्रधान, श्रेष्ठ (पु.) विष्णु ।

अग्रतस्, व्य. आगे, पहिले, सामने ।

अग्रदानिन्, पु. प्रेतदानग्राही ब्राह्मण; अचारज ।

अग्रपाणि, पु. दहिना हाथ । [हुआ ।

अग्रदीधिषु, पु. पुनर्भूपति, वेवासे शादी किया

अग्रयायिन्, पु. अगुआ ।

अग्रहस्त, पु. दहना हाथ, हाथीकी सूंड, ।

अग्र(ग्रे)सर, त्रि. अगुआ । राहनुमा ।

अग्रहायण, पु. मार्गशीर्ष; मंगशिर ।

अग्रहार, पु. देवता वा ब्राह्मणका भाग, (न) अनाज भरा खेत ।

अग्राणीक, न. सेनाका पूर्व भाग । [मौल्य ।

अग्राह्य, त्रि. जो लेवे योग्य नहो, (न) शिवनि-

अग्रिम(य) (ग्रीय) } त्रि. प्रथम, श्रेष्ठ, अग्रगामी ।

अग्रदीधिषु, पु. पुनर्भूपति (स्त्री) (पू) ज्येष्ठाके होते विवाहिता कनिष्ठा ।

अग्र्य, पु. प्रधान, बड़ाभाई, (त्रि) पहिला ।

अघ, पु. दैन्य, दुःख, पाप, कंसकी सेनाका सर्दार, (त्रि.) दुःखी, पापी । [द्रष्टा मुनि ।

अघमर्षण, न. पापनाशन मंत्र, (पु) उन मंत्रोंका

अघपार, पु. यम ।

अघासुर, पु. कंसकी सेनाका सर्दार ।

अघो, व्य. संबोधनके लिये शब्द [चौदस ।

अघोर, पु. महादेव, (स) (रा) भांदों वदी १४

अघोष, त्रि. शब्दरहित, (पु) व्याकरणमें वर्गका १ म, २ य, वर्ण और श, ष, स, ।

अघोस, व्य. संबोधनके लिये अव्यय । [गौ ।

अघ्न्य, पु. ब्रह्मा (त्रि) न मारने योग्य, (स) (घ्न्या)

अङ्क, पु. चिन्ह, गोदी, अपराध, भूषण, नाटकग्रंथका भाग, देह, अदद, युद्ध । [वायु ।

अङ्कति, पु. अग्निहोत्री, ब्रह्मा, विष्णु, शिव, अग्नि,

अङ्कन, न. संख्या लिखना, नशान लगाना ।

अङ्कपाली, (का) स्त्री. आश्लेष, गले लगाना, हिंदसोंकी कतार, वेदी ।

अङ्कपात, पु. हिसाबके वकत हींदसोंका लिखना ।

अङ्कित, (त्रि.) चिन्ह किया हुआ, गिनाहुआ, मालूम किया हुआ ।

अङ्किन्, पु. वाद्यविशेष, मृदंग ।

अङ्कु (कू)र, रुधिर, लोम, अंगूरी ।

अङ्कुरक, पु. नीड़; घोंसला ।

अङ्कुरित, त्रि. फूला हुआ, फलाहु० फूटा हुआ ।

अङ्कुश(ष), पु. आंकुश, (स्त्री) (शी) अंकस ।

अङ्कोट(ठ) पु. हिंगोटका पेड़ ।

अङ्ग, न. गात्र, देह, मन, मित्र (पु.) देशवि० (त्रि) देहका, पासका, (व्य.) संबोधनका शब्द, फिर ।

अङ्गग्रह, पु. शरीरपीड़ा । [हुसे उत्पन्न ।

अङ्गज, पु. पुत्र, केश, रोग, लहू, पीडा, (त्रि) दे-

अङ्गन (ण), अंगन, सहन । [ग्निहोत्री ।

अङ्गति, पु. ब्रह्मा, विष्णु, शिव, वायु (त्रि) अ-

अङ्गद, पु. वानरोंका राजा, (न) बाजूबंद (स) (दा) दिशाके गजकी स्त्री ।

अङ्गना, स्त्री. सुन्दरी स्त्री, उत्तर दिशाके हाथीकी पत्नी, वृष, वृश्चिक, कर्क, मकर, मीन और कन्याराशि, दक्षिण । [हाथ लगाना ।

अङ्गन्यास, पु. पूजाके समय अंगोंपर भिन्न २

अङ्गमर्द, पु. देहको मलनेवाला सेवक, (त्रि) जो देहको मले ।

अङ्गमर्द(क), अङ्गमर्द्दिन्, पु. सेवक, (त्रि) जो देहको मले वा दबाये ।

अङ्गव, पु. सूखा फल । [की बीमारी ।

अङ्गविकृति, पु. रोगविशेष, (स्त्री) लकवा, मिरगी-

अङ्गराग, पु. वटना, उबटन । इतर ।

अङ्गराज, पु. अङ्गदेशका राजा, कुन्तीपुत्र, कर्ण ।

अङ्गरुह, न. रोम, ऊन, दांत ।

अङ्गसंस्कार, पु. मुर्दाजलाना(न) देहका सुधारना ।

अङ्गार(क), पु. मंगलग्रह, अंगारी, दधूरा ।

अङ्गारमणि, पु. न. मोंगा, पला ।

अङ्गारधानी(निका), हसन्ती; अंगीठी ।

अङ्गारमञ्जरी(वल्लरी), स्त्री. करोंदा ।

अङ्गिका, स्त्री. अंगिया ।

अङ्गिन्, त्रि. अङ्गविशिष्ट, मुख्य, आत्मा ।

अङ्गिरस्, पु. बृहस्पतिका पिता, मुनि ।

अङ्गीकरण, न. प्रतिज्ञा । एहद ।

अङ्गीकार, पु. स्वीकार । कबूल ।

अङ्गीकृत, त्रि. प्रतिज्ञात । मनजूर किया हुआ ।

अङ्गुरि(री), स्त्री. उंगली ।

अङ्गुलि(ली), स्त्री. उंगली हाथपावोंकी ।

अङ्गुरीय(क), न. अंगूठी ।

अङ्गुस, पु. वात्स्यायनमुनि, आठ जौं भर ।

अङ्गुलिपर्व, पु. अंगुलीकी गांठें ।

अङ्गुलित्र(त्राण), न. अंगुश्ताना ।

अङ्गुलिमुद्रा, स्त्री. नामकी मोहर ।

अङ्गुष्ठ, पु. वृद्धांगुलि; अंगूठा ।

अंगुष्ठाना, स्त्री. अंगुश्ताना ।

अङ्हस्, न. पाप । गुनाह ।

अङ्घ्रि, पु. पैर, चौथा भाग, पेड़की जड़ ।

अङ्घ्रिप, पु. वृक्ष; पेड़ ।

अङ्घ्रिपर्णी(का), स्त्री. चकोलिया वेल ।

अचक्षुस्, त्रि. नेत्रहीन; अंधा ।

अचर, त्रि. जड़, न हिलनेवाला ।

अचल, पु. पेड़, पहाड़, कीला, (स) (ला) पृथिवी ।

अचलकीला, स्त्री. पृथिवी; जमीन । [चमक ।

अचलत्विष्, पु. कोकिल (स्त्री.) (षा) पायदार

अचिकुर, त्रि. खल्वाट; गंजा ।

अचित्, त्रि. अज्ञान, मूर्ख ।

अचित, पु. मूर्ख (स्त्री) (ता) मूर्खता ।

अचिरप्रभा, अचिररोचिस्, अचिरद्युति, स्त्री. विद्युत्; बिजली ।

अचिरात्, व्य. तुरन्त । जल्दीसे ।

अचिराय, व्य. शीघ्र । जल्दीसे ।

अचीर्ण, त्रि. जो व्रत पूरा नहीं हुआ ।

अचेतन, त्रि. मुग्ध, जड़ । बेहोश, बेजान ।

अचेष्ट, त्रि. बेहर्कत ।

अच्युताग्रज, पु. बलदेव । [क्षीरसमुद्र ।

अच्युतावास, पु. पीपलका पेड़, मथुरा, वृंदावन,

अच्छ, पु. बिल्लौर, रीछ, (त्रि) साफ़, शफ़ाफ ।

अच्छत्र, पु. अराजक देश ।

अच्छिद्र, त्रि. जिसमें छेद नहिं । साबत ।

अच्छिन्न, त्रि. न कटा हुआ ।

अच्छेद्य, त्रि. जो कट न सके ।

अज, पु. ब्रह्मा, विष्णु, शिव, काम, दशरथराजाका पिता, मेष, छाग (त्रि) जिसका जन्म नहिं, (न.) ब्रह्म, (स्त्री). (जा) माया, बकरी, प्रकृति ।

अजक(ग)व, पु. न. शिवजीका धनुष ।

अजगव, पु. अजदहा सांप ।

अजथ्या, स्त्री. पुष्पविशेष, बकरियोंका गल्ला, एक पौदा जिसे पीले फूल लगतेहैं ।

अजन्त, पु. जिसके अन्तमें स्वर अक्षर हो ।

अजन्मन्, त्रि. जिसका जन्म नहिं ।

अजप, पु. कुपाठक, अजासमूह, अजारक्षक, (स्त्री) (पा) "ह सः" यह मन्त्र ।

अजमीढ, पु. देशवि० राजा युधिष्ठिर ।

अजमोदा, स्त्री. एक पोदा ।

अजम्भ, पु. मेंडक, (त्रि.) जिसके दांत नहीं ।

अजर(र्य), पु. देवता (त्रि) जो बूढ़ा न हो ।

अजर्य, न. मेल, दोस्ती ।

अजस्र, व्य. निरन्तर; लगातार ।
अजहल्लक्षणा, स्त्री. लक्षणावृत्तिवि॰ जहां शब्द निजअर्थको छोड़े विना और अर्थ जताऐं ।
अजहत्स्वार्थ, स्त्री. "अजहल्लक्षणा" देखो ।
अजहल्लिङ्ग, पु. नित्यलिंग, जो शब्द विशेष्यके संग मिलकरभी अपना लिंग न छोड़े ।
अजक(का)र, पु. शिवका धनुष ।
अजाजी, स्त्री. जीरेको पोदा ।
अजात, त्रि. जिसका जन्म नहिं ।
अजातशत्रु, **अजातारि**, } पु. युधिष्ठिरराजा (त्रि.) जिसका शत्रु पैदा नहिं हुआ ।
अजानि, पु. अभार्य; रंडवा ।
अजानेय, पु. उत्तमाश्व; अच्छा घोड़ा ।
अजाविक, पु. कूकर और भेड़िये ।
अजावी, स्त्री. रेवड़, गल्ला ।
अजित, त्रि. जो जीता नहिं गया, (पु) ब्रह्मा, विष्णु, शिव ।
अजितात्मन्, पु. जार (त्रि.) जिसने अपने आपको नहिं जीता ।
अजिन, न. काले हिरणका चमड़ा ।
अजिनपत्रा, स्त्री. चमगीदड़ ।
अजिर, पु. अङ्गन, हवा, मेंडक (स्त्री) (रा) चण्डी ।
अजिह्म, त्रि. सरल, मेंडक ।
अजिह्मग, पु. तीर, (त्रि) सीधा चलनेवाला ।
अजि(जी)गर्त, पु. मुनिविशेष ।
अजीव, त्रि. वेजान ।
अजीर्ण, न. वदहज़मीका रोग (त्रि) जो जरे नहीं ।
अजैकपाद, पु. ११ रुद्रोंमेंसे एक, पूर्वाभाद्रपदा नक्षत्र, शिव ।
अजुष्ट, त्रि. असेवित, अप्रिय ।
अज्जुका, स्त्री. नाट्योक्तिमें वेश्या, नटी ।
अज्झल, न. फलक; ढाल ।
अज्ञ, त्रि. मूर्ख (स्त्री) (ज्ञा) ।
अज्ञात, त्रि. न जाना हुआ । नामअलूम ।
अज्ञातयौवना, स्त्री. नायकावि॰; जिसने अपने जोवनको जाना नहीं । [जहालत ।
अज्ञान, त्रि. निर्बोध (न) अविद्या । नादान, रूहानी
अज्ञानतस्, व्य. अनजानें ।
अज्ञानिन्, पु. मूर्ख । जाहिल, नादान ।
अज्ञेय, त्रि. जाननेके अयोग्य; (न) ब्रह्म ।
अञ्चति, पु. वायु । हवा ।
अञ्चल, पु. वस्त्रप्रान्त; आंचल ।
अञ्चित, त्रि. पूजित; पूजा हुआ ।
अञ्चितभ्रू, स्त्री. सुभ्रू स्त्री ।
अञ्जन, न. आग, काजल, मसी, (स्त्री) (ना) पश्चिम दिशाके हाथीकी हथिनी, अंजनावती ।
अञ्जलि, पु. करपुट; जुड़े हुए हाथ, बुक ।
अञ्जलिकारिका, **अञ्जलिनी**, } स्त्री. लजावंतीका पोदा ।
अञ्जस्, त्रि. सरल; सीधा । जल्दी ।
अञ्जसा, व्य. साक्षात्, शीघ्र, सत्यता ।
अञ्ज, पु. प्रेरक; भेजनेवाला ।
अञ्जिष्ट, पु. भास्कर; सूरज ।
अञ्जीर, न. वृक्षवि॰, फलवि॰ । फगवाड़ा ।
अट, त्रि. जानेवाला, घूमनेवाला, स्त्री. (टा) घूमना ।
अटन, न. जाना, घूमना ।
अटनि(नी), स्त्री. धनुष्कोटि; कमानका गोशा ।
अटवि(वी), स्त्री. वन, जंगल ।
अटविक, पु. वनवासी, जंगली ।
अटल, त्रि. दृढ़, स्थिर । मजबूत, कायम ।
आटाट्या, स्त्री. पर्यटन । जावजा फिरन ।
अट्ट, पु. अटारी, दुकान, अटा, (न) अन्न, ज्यादती, दरियाई, वेइज़ती ।
अट्ट(हास), पु. खिड़ खिड़ाके हंसी, ऊंची हंसी ।
अट्टहासिन्, पु. महादेव (त्रि) ऊंचे हंसनेवाला ।
अट्टाल(क), पु. बरसाती, सवात ।
अट्टालिका, स्त्री. सौध; अटारी ।
अड्डहु, पु. लकुचवृक्ष ।
अ(ण)नक, त्रि. नीच । कमीना ।
अणव्य, न. छोटे २ धान पैदा करनेवाला खेत ।
अणि(णी), स्त्री. गाडीके पहियेकी कील, सूईकी नोक, तरवारकी धार, हद्द । [एक, वारीकी ।
अणिमन्, पु. छोटा भाग (न) छोटाई, सिद्धिओंमेंसे
अणीयस्, त्रि. बहुत छोटा, बहुत थोड़ा, बहुत वारीक ।
अणु, पु. सूक्ष्मधान्य (त्रि.) छोटासा, ज़रासा ।
अणुक, त्रि. दाना, पुरुष (न) थोड़ा, वारीक, आत्मा ।

अणुभा, स्त्री. विद्युत्; बिजली ।
अणुमात्रिक, त्रि. अतिक्षुद्र; बहुत छोटा जीव ।
अणुरेणु, पु. त्रसरेणु । ज़र्रह ।
अण्ड(क), पेशी, अंश, कस्तूरीका नापा (स्त्री) (ण्डी) चिटली अंगुल, गलिया, ।
अंडकटाह, पु. ब्रह्माण्ड । कुरा ।
अंडकोश(ष) (क), पु. वृषण । थयज़ा ।
अण्डज, पु. पक्षी, सर्प, मच्छी, (स्त्री) (जा) कस्तूरी (त्रि) अंडेसे उत्पन्न वस्तु ।
अण्डालु, पु. अण्डेवाली मछली ।
अण्डीर, पु. शक्त । ज़ोरावर ।
अतएव, व्य. इसी लिये, इसीसे ।
अतन्द्र(न्द्रित), त्रि. निरलस; उद्यमी ।
अतर्कित, त्रि. बेविचारा काम, अचानक । [नहीं ।
अतल, न. पहिला पताल, (त्रि) जिसकी थाह
अतलस्पृश् (स्पर्श), त्रि. अगाध; अथाह ।
अतस्, व्य. इसीसे । [(न) रेशमी वस्त्र ।
अतस, पु. पवन, आत्मा, शस्त्र, (स्त्री) (सी) अलसी
अति, व्य. बहुत करके, ।
अतिकरुण, त्रि. दयावान्, दुःखी ।
अतिकाय, त्रि. बड़ी देहका ।
अतिकृच्छ्र, न. व्रतवि०, छथदिन एक ग्रास, तीन दिन उपवास, बड़ी तकलीफ़ ।
अतिकृति, स्त्री. छन्दोवि०, २५ पचीस २ अक्षरके चरणवाला छन्द, बड़के काम ।
अतिक्रम, पु. उलांघना, जो नियम बांधा है उससे उल्ट, उल्ट, निरादर, काम पूरा होगया तिसपरभी किये जाना । [लतादा हुआ ।
अतिक्रान्त, पु. उलांघा हुआ, निरादर कियाहु०,
अतिगण्ड, पु. ६ ठा, योग, । [बड़ी खुशबूदार ।
अतिगन्ध, पु. खस्स, गन्धक, चंबेका पेड़, (त्रि)
अतिगुहा, स्त्री. पृश्निपर्णी लता, पहाड़की लंबी गुफा।
अतिचार. पु. शीघ्रगमन, अतिक्रम्य गमन, भौम आदिक ५ ग्रहोंका एक राशिसे दूसरीमें जाना ।
अतिच्छत्र, पु. तालमखाना, छतिया (स्त्री) (त्रा) शतपुष्पीलता । [क्षरका एक चरण होता है ।
अतिजगती, स्त्री. छन्दोवि०; जिसका १३२ अ-
अतिजागर, पु. पनकुकड़ी, पनडुब्बी, (त्रि) निद्रारहित ।
अतिडीन, न. पक्षिगति वि०, बड़े वेगसे पंछीकी उडारी ।
अतितराम्, व्य. निहायत, बहुत करके ।
अतिथि, पु. अभ्यागत, कुशिकमुनिका पुत्र, ।
अतिथ्या, स्त्री. अतिथिसेवा । मेहिमान निवाजी ।
अतिदाह, पु. बहुत गर्मी, बहुत जलना ।
अतिदीप्त, त्रि. चमकीला; रौशन ।
अतिदीर्घ, त्रि. बहुत लंबा । [सताया हुआ ।
अतिद्रुत, त्रि. हिलाया हुआ, दुराया हुआ,
अतिदेश, पु. व्याकरणकी संज्ञा विशेष; अन्यके धर्मका अन्यमें आरोप करना ।[(त्रि) बुद्धिमान् ।
अतिधृति, स्त्री. छन्दोवि०; १९ वर्णका एक श्लोक
अतिनु, त्रि. नाओसे उतरा हुआ ।
अतिपतन, न. अलय, नाश । तबाही ।
अतिपत्ति, स्त्री. अतिमात्र; बहुतही ।
अतिपथिन्, पु. सन्मार्ग; चंगीवाट ।
अतिपात, पु. अतिक्रम, । बे सबरीसे कामको उलटपुलट करनेवाला ।
अतिपातक, न. महापातक विशेष; माता कन्या और बहूसे जनाह; उपपाप ।
अतिपातकिन्, पु. महापापी ।
अतिपिनद्ध, त्रि. मजबूत बंधाहुआ ।
अतिपेलव, त्रि. सुकुमार । नाजुक । स्त्री (वता) न ज़ाकत, मुलायमी ।
अतिपेशल, त्रि. अतिदक्ष; अतिचतुर ।
अतिप्रसङ्ग, पु. अतिविस्तार, पुनरुक्ति, व्यभिचार। फजूलगोई, गलती ।
अतिप्रसक्ति, स्त्री. अतिसेवा, लगाव ।
अतिबल, त्रि. अतिबलवान्, समर्थ योधा, (स) (ला) दैवी अस्त्रविद्या जो विश्वामित्र जीने रामचन्द्रजीको पढ़ाई ।
अतिभद्र, त्रि. विशिष्ट; बहुत भला ।
अतिभी, पु. विजली (त्रि.) बहुत डरा हुआ ।
अतिमङ्गल्य, पु. विल्वृक्ष, (त्रि) नेक, बड ।
अतिमात्र, त्रि. अत्यर्थ । निहायत ।
अतिमुक्त, त्रि. निःसङ्ग (पु.) वृक्षविशेष । नजातयाफ्तह, माधवीवेल ।
अतिमैत्र, न. ९ म, तार, (त्रि) परममित्र ।
अतिमोदा, स्त्री. नवमल्लिका(त्रि)अतिसुरभिगंधयुत ।

अतिरथिन्, पु. अतियोद्धा; बहुतोंके साथ अकेला लड़नेवाला।
अतिरसा, स्त्री. मूर्वालता।
अतिरात्र, पु. यज्ञविशेष,(न) पिछली रातका समय।
अतिरिक्त, त्रि. अधिक, भिन्न, अतिशय।
अतिरेक, पु. आधिक्य। ज्यादती।
अतिरोग, पु. क्षयरोग; सिल्की बीमारी।
अतिरोमश, पु. जंगली बकरा, बड़ा बंदर, (त्रि) बहुत बालोंवाला।
अतिललित, त्रि. बड़ा सुंदर।
अतिलुब्ध, त्रि. बड़ा लालची।
अतिलोम, त्रि. बड़े बालोंवाला।
अतिलोल, त्रि. बड़ा चालाक।
अतिलौल्य, त्रि. बड़ी हिर्स।
अतिवर्तन, न. बड़ी मुसीबत।
अतिवर्तिन्, त्रि. तजावुज़ करनेवाला।
अतिवर्तुल, त्रि. बड़ा गोल।
अतिवात, पु. आंधी, झक्खड़।
अतिवाद, पु. कठोर वाक्य,।
अतिवादन, न. वाचालता। बकवाज़।
अतिवादिन्, त्रि. बहुत बोलनेवाला। बकवाजी।
अतिविष, त्रि. विषउतारनेवाला, स्त्री (षा) लताविशेष, भृंगी।
अतिवृष्टि, स्त्री. अत्यन्तवर्षा। निहायत बारिश।
अतिवेल, न. अतिशय, (त्रि) निर्मर्याद।
अतिव्यथा, स्त्री. बड़ी दर्द।
अतिव्याप्ति, स्त्री. अतिशय व्यापन; न्यायमतमें अलक्ष्यमें लक्षणका जाना। जैसें शृङ्गवत्व गायका लक्षण मानें, तो लक्षण महिषीमेंभी जाघटेगा।
अतिशय, न. आधिक्य। ज्यास्ती।
अतिशयोक्ति, स्त्री. काव्यशास्त्रमें एक अलंकार। तूलगोई या तूलकलामी।
अतिशयोपमा, स्त्री. बढ़कर तशबीह।
अतिशोभन, त्रि. बड़ा सुंदर, शोभमान।
अतिष्ठा, स्त्री. प्रतिष्ठा। इज़्जत।
अतिसर्ग, पु. बहुतदेना, त्याग।
अतिसर्जन, न. अतिदान, वध, प्रवंचन, विलंब।
अतिसर्व, त्रि. सबसे बढ़कर।
अतिसह, त्रि. सहिष्णु; सहनेवाला।
अतिसन्तपन, न. व्रतविशेष; रातको पंचगव्य १ दूध २ दधि ३ घृत ४ गोमूत्र ५ गोबर पीकर दिन काटने।
अति(ती)सार, पु. रोगवि०; संग्रहणीकी बीमारी।
अति(ती)सारकिन्, त्रि. संग्रहणीसे बीमार।
अतिसृष्ट, त्रि. दत्त; दियागया।
अतिहसित, } त्रि. हंसागाया।
अतिहास, } पु. हंसी.
अतिहिम, व्य. हिम (बरफ)का नाश।
अतीत, त्रि. गत, गुजराहुआ। माज़ी।
अतीतकाल, पु. हेत्वाभास विशेष, भूतकाल।
अतीन्द्र, पु. विष्णु।
अतीन्द्रिय, त्रि. इन्द्रियगोचर (न) ब्रह्म (गैरमासूस।
अतीव, व्य. अत्यन्त, यथेष्ट। निहायत, काफ़ी।
अतुल, त्रि. अनुपम, तिलवृक्ष। लमसानी।
अतुहिनरश्मि, पु. सूर्य।
अतृप्त, त्रि. जो सेर नहिं हुआ २। बेसबरा।
अत्क, पु. अवयव (त्रि) पांथी।
अत्ता, स्त्री. मां, सास, बड़ी बहिन।
अत्ति(का) स्त्री. मां, बड़ी बहिन।
अत्नु, पु. सूर्य। आफ़ताब।
अत्तृ, पु. खानेवाला, (स्त्री) (त्री) खानेवाली।
अत्य, पु. घोड़ा, (त्या) घोड़ी।
अत्यन्त, त्रि. जो अंतसे आगेहे, (न) बहुतही।
अत्यन्ताभाव, पु. सदासे न होना, ४ प्रकारके अभावोंमेंसे एक; जैसे बांझका बेटा नहिं है।
अत्यन्तीन, त्रि. बहुतजल्द चलनेवाला,
अत्यय, पु. दुःख, भय, नाश, अभाव, उलांघ जाना।
अत्यर्थ, न. बहुतहि, (व्य) अर्थका अभाव, (त्रि) [अत्यन्त।
अत्यल्प त्रि. बहुत थोड़ा। [रण।
अत्यष्टि(ष्टी), स्त्री. छन्दोविशेष। पु. अन्यायाच-
अत्याचार, पु. अन्याय। जुल्म।
अत्याचारिन्, त्रि. दुष्ट। जालिम।
अत्याधान, न. ऊपर रखना।
अत्याय, न. जल्द चलना। तेज़रफतार।
अत्याल, पु. सुरख चित्र।
अत्याशा, स्त्री. बहुत उम्मीद।

अत्याश्रम, पु. परमहंस आश्रम (त्रि) आश्रमोंकी मर्यादसे जो लंघगया है।
अत्युक्ति, स्त्री. वाह्यात कहना, मुबालगेसे कहना, । एक अर्थालंकारका नाम।
अत्युक्त्या, स्त्री. दो अक्षरोंका चरणवद्ध छंद।
अत्युत्कण्ठा, स्त्री. अतिचिन्ता। बड़ा खियाल।
अत्युग्र, त्रि. बहादुर, खौफनाक।
अत्यूह, पु. नीलकण्ठ (स्त्री) (हा) बड़ी दलील।
अत्र, व्य. यहां। इस स्थानमें।
अत्रत्य, व्य. यहांका।
अत्रप, त्रि. निर्लज्ज। बेशरम।
अत्रभवत्, त्रि. पूज्य, माननीय।
अत्रान्तरे, व्य. इस असनामें।
अत्रि(क), पु. ऋषिविशेष; सातोंमेंसे एक जो चंद्रमाके नेत्रसे उत्पन्न हुआ है।
अत्रिज, त्रि. चांद। माहताव।
अत्रिवर्ष, त्रि. तीनसालसे कमका।
अत्वर, त्रि. धीमा (स्त्री) (रा) सुस्ती।
अथ, व्य. अनन्तर, भलाई, प्रश्न, बहुतायत, संशय, आरम्भ, विकल्प, अगद।
अथच, व्य. किंवा, या, औरभी।
अथर्व, न. ४ थं. वेद. (पु) वासिष्ठ।
अथर्वण, पु. शिव, ऋत्विक्।
अथर्वन् (र्वा), पु. ब्राह्मण वि. अथर्वांगिरस, पु. अथर्वा और आंगिरसकी सन्तान।
अथवा, व्य. या।
अथो, व्य. अनन्तरआदि "अथ"के जो अर्थ हैं।
अदत्त, त्रि. न दियाहुआ, (स्त्री) (त्ता) क्वारी, (न) न दी हुई वस्तु।
अदक्षिण, त्रि. चतुर नहीं, बांया हाथ।
अदक्षिणता, स्त्री. मूर्खता। बेवकूफी।
अदन, न. भोजन; खुराक, खाना।
अदनीय, त्रि. खानेकेयोग्य, खुराक।
अदन्त, त्रि. जिसके दांत नहीं, (न्ता) "अ" जिसके अन्त है।
अदन्ध, त्रि. बहुत। काफ़ी।
अदभ्र, त्रि. प्रचुर, बहुत। ज्यादह।
अदम्य, त्रि. दुर्दान्त। बेकाबू।
अदर्शन, न. लोप, (त्रि) जिसकी दृष्टि नहीं।
अदात्, त्रि. जो न दे, जो न काटे।
अदान, त्रि. खायाहुआ।
अदाम्य, त्रि. जो कष्टदेनेके योग्य नहिं।
अदिति, स्त्री, दक्षकी कन्या, कश्यपकी स्त्री, पृथिवी, पुनर्वसु नक्षत्र।
अदितिनन्दन, पु. देवता।
अदित्सु, पु. कृपण। कंजूस।
अदूय, त्रि. न सताया हुआ, न कांपा हुआ।
अदूषित, त्रि. नेक, खूब।
अदृढ, त्रि. ढीला, । न मज़बूत।
अदृश्य, त्रि. जो दिखाई न दे, मैला।
अदृष्ट, त्रि. न देखा हुआ (न) पाप, पुण्य।
अदृष्ट-पूर्व, त्रि. जो पहिले नहिं देखा।
अदृष्टवत्, त्रि. भाग्यवान्। किसमतमंद.।
अदेवमातृक, पु. जिस देशकी खेती वर्षापरहि निर्भर न रक्खे। [मुचमुच।
अद्धा, व्य. ठीक २, सामने २ यकीन, ज्यादातर
अद्भुत, न. अचरज, नवरसोंमेंसे एक अजीव।
अद्मन, न. भोजन, अन्न। खुराव।
अद्मनि, पु. आग। आतिथ्य।
अद्मर, त्रि. भक्षण करनेवाला; खाऊ, पेटू।
अद्य, व्य. आज।
अद्यकार, त्रि. आजका।
अद्यतन, त्रि. आजका (स्त्री) (नी) आजकी।
अद्यश्वीन, त्रि. आजकल होनेवाला (स्त्री) (ना) आजकल सूनेवाली।
अद्यापि, व्य. अवतकभी।
अद्यावधि, व्य. आजसे लेकर।
अद्रि, पु. पेड़, पहाड़, सूरज, पैमाना।
अद्रिकीला, स्त्री. पृथिवी। ज़मीन।
अद्रिज, न. गेरी, (त्रि) पहाड़की वस्तु, शिलाजीत (स्त्री) (जा) पार्वती।
अद्रिभित्, पु. इन्द्र; देवताओंका राजा।
अद्रिराज्, पु. हिमालय पर्वत।
अद्रोह, त्रि. बेखटके (पु) दया।
अद्वय, पु. बुद्ध, (त्रि) लासानी, (न) परमब्रह्म।
अद्वितीय, त्रि. लासानी, (न) परमात्मा।
अद्वेष्टृ, पु. मित्र। दोस्त।
अद्वैतवादिन् त्रि. जो एक परमेश्वरकेसिवा दू-

सरेको न माने, जो जीव और ईश्वरको एक मानता है ।
अधम, त्रि. नीच । कमीना ।
अधमचेष्ट, त्रि. बद-चलन ।
अधमभृतक, त्रि. दरवान, बारकश ।
अधमर्ण (र्णिन्), त्रि. ऋणी । क़र्ज़दार ।
अधमाङ्ग, न. चरण; पैर, पाँओं ।
अधर, पु. निचला ओंठ, (त्रि) नीचा ।
अधरामृत, न. ओठोंका रस ।
अधरात्, व्य. नीचेसे ।
अधरीण, त्रि. तिरस्कृत । मलामत कियाहु० ।
अधरेद्युस् व्य. परदिन; तरसों ।
अधरोष्ठ, पु. निचला ओंठ ।
अधर्म, पु. पाप, (त्रि) पापी ।
अधर्मिन्, त्रि. पापी, । गुनाहगार ।
अधस्तन, त्रि. नीचेका ।
अधस्तात्, व्य. पीछेसे, नीचेसे ।
अधस्पद, त्रि. पांओंके नीचे ।
अधार्मिक, त्रि. धर्मसे गिरा हुआ ।
अधि, व्य. ऊपर, मिलकियत, हक़, हश्मत, ज्यादती, (पु) मनकी चिन्ता । [दह, बहुत ।
अधिक, त्रि. अनेक, अर्थालंकारविशेष । ज्या-
अधिकतर, त्रि. दोमेंसे ज्यादह ।
अधिकतम, त्रि. सबसे ज्यादह।
अधिकता, स्त्री. ज्यादती ।
अधिकरण, न. सप्तमी कारक, आश्रय कचहरी ।
अधिकरणभाज(क), पु. मुनसिफ़, जज ।
अधि (धी)कार, पु. हक़, औलियत, उहदह, हुकम, विरसा ।
अधिकारिन्, त्रि. प्रभु । मालिक, हाकम ।
अधिकृत, त्रि. मालिक, (त्रि) मुकरर किया हु०
अधिक्रम, पु. बड़ाई, फ़ज़ीलत, चढ़ाई ।
अधिक्षिप्त, त्रि. इलज़ाम दिया हुआ, फेंका हुआ, भेजाहुआ ।
अधिक्षेप, पु. मलामत, अमानत ।
अधिगत, त्रि. जाना हुआ, पाया हुआ, पढ़ा हुआ ।
अधिगम, पु. प्राप्ति । हासिल,
अधिगम्य, त्रि. पहुंचके योग्य, समझके योग्य ।
अधिगुण, त्रि. गुणवान् । सिफ़त मंद ।
अधिजिह्व, पु. जिह्वास्फोटक; जुबानका फोड़ा ।
अधिज्य (धन्वन्), त्रि. चिलेचढ़ी कमानवाला ।
अधित्यका, स्त्री. पर्वतके ऊपरकी धरती ।
अधिदेव (ता), पु. स्त्री. इष्टदेवता । मलिक, देवता ।
अधिदैव(त), न. इष्टदेवता, अधिष्ठातृदेवता ।
अधिप, पु. राजा, स्वामी । मालिक ।
अधिमन्थ, पु. आंखकी पीड़ा ।
अधिमन्थन, न. पथानी, मथना ।
अधिमास, पु. मलमास । लोंदका महीना, इसमें दो अमावस होती हैं ।
अधिमासक, पु. दांतोंकी बीमारी ।
अधियज्ञ, पु. विष्णु । भगवान् ।
अधियोग, पु. यात्राके योग । [गाड़ीवान् ।
अधिरथ, पु. राजा कर्णका बाप, गाड़ीसवार,
अधिरथ्य, व्य. राजमार्ग । शाह सड़क ।
अधिराज्(ज), पु. बादशाह, शाहान्शाह ।
अधिरूढ, त्रि. चढ़ा हुआ, दबा हुआ ।
अधिरोपण, न. कमानपर चिल्ला चढ़ाना ।
अधिरोपित, त्रि. ऊंचे स्थानपर धरा हुआ ।
अधिरोह, पु. चढ़ना । रबकत लेजाना ।
अधिरोहण, न. ऊंचे चढ़ना (स्त्री) (णी) लकड़ी आदिकी पौड़ी ।
अधिलोक, पु. विश्व, जगत् ।
अधिवासन, न. गन्धफूल आदिसे पूज्य देवका पूजन, वा संस्कार । [आई है ।
अधिविन्ना, स्त्री. पहिली ब्याही स्त्री, जिसपर सौत
अधिवेदन, न. एक स्त्रीके जीते दूसरा ब्याह ।
अधिवेदनीया, स्त्री. पहिली स्त्रीके जीते दूसरी ब्याही हुई ।
अधिश्रयण, न. रिंधना (स्त्री) (णी) चुल्ली । भट्टी ।
अधिश्रित, त्रि. रक्खा हुआ, ठहराया हुआ ।
अधिष्ठातृ, त्रि. अध्यक्ष्य । मालिक, मुंतज़िम ।
अधिष्ठान, न. नगर, चक्र, आसन ।
अधिष्ठित, त्रि. मुकरेर, (स्त्री) (ति) आसन ।
अधीत, त्रि. पढ़ा हुआ, (न) पढ़ना, (स्त्री) (ति) पढ़ना ।
अधीतिन्, त्रि. पढ़ा हुआ ।
अधीन, त्रि. मातहत, ताबेदार ।
अधीनता, स्त्री. दासत्व । ताबेदारी ।

अधीयत्, त्रि. पढ़ता हुआ।
अधीयान, त्रि. छात्र, विद्यार्थी, वेदपाठक।
अधीर, त्रि. हैरान, मूर्ख (स्त्री) (रा) बिजली, एक नायिका। [लिक (स्त्री)(शी) महाराणी, देवी।
अधीश, (श्वर) पु. बुद्ध, महाराज, (त्रि) मा-
अधीष्ट, न. किसी अच्छे काममें आदरपूर्वक दूसरेको लगाना, (त्रि) लगाया हुआ।
अधुना, व्य. संप्रति; अब।
अधुनातन, त्रि. अबका। [विर्बनी।
अधृत, पु. विष्णु, (त्रि) न पकड़ा हुआ, स्त्री. (ति)
अधृष्ट, त्रि. शर्मनाक, हलीम, तवा।
अधृष्य, त्रि. न धमकनेके योग्य,। (मग़रूर, गैर मग़लूब (न) मलीन कपड़ा, लँधा धोती आदि।
अधोक्ष, त्रि. जितेंद्रिय।
अधोक्षज, पु. विष्णु, भगवान्।
अधोमुख, (त्रि) नीचे मुखवाला, (न) कृत्तिका मूला आदि नक्षत्र।
अधोस्रपित्त, न. खूनी ववासीर।
अध्यग्नि, न. धनविशेष; विवाहसमय आगके सामने कन्याको जो धन दिया जाता है।
अध्यग्निधन, न. दहेज।
अध्यधीन, त्रि. बहुतही अधीन, दास, तावेदार।
अध्ययन, न. पढ़ना।
अध्यर्द्ध, त्रि. सार्द्ध; डेढ़।
अध्यात्मज्ञान, न. ब्रह्मज्ञान। [में लाना।
अध्यात्मयोग, पु. विषयोंसे मन रोक कर आत्मा-
अध्यापक, त्रि. उपाध्याय। उस्ताद।
अध्यापन, न. ब्रह्मयज्ञ; पढ़ाना।
अध्याहार, पु. तर्क, जिस वाक्यका अर्थ साफ नहिं, उसे साफ़ करनेके लिये दूसरा शब्द लगा लेना। वाक्य पूरा बनानेके लिये पद जोड़ लेना। दलील।
अध्याय, पु. ग्रंथका एक भाग; सर्ग, वर्ग, पर्व, स्कन्ध, अंक, परिच्छेद, यह नाम होते हैं। बाब।
अध्याहार्य, त्रि. ऊह्य। मुखफ़फ़, मअ्जूफ़।
अध्युष्ट, त्रि. प्रसिद्ध; साढ़े तीन संख्या।
अध्युष्ट्र, पु. ऊंटोंकी गाड़ी।
अध्यूढ, त्रि. भाग्यवान् (पु) शिव, धनी (स्त्री) (ढा) जिसपर सौत पड़ी है।

अध्येतव्य, त्रि. पढ़नेकेयोग्य।
अध्येतृ(ता), पु. पढ़नेवाला।
अध्रुव, त्रि. अनित्य, सन्दिग्ध। फ़ानी, मुतलव्विन।
अध्वग, पु. पथिक, ऊंठ, सूरज, (स्त्री)(गा) गंगानदी।
अध्वगामिन्, पु. पांथ; पांथी।
अध्वन्, पु. पथ, वक़्त, रास्ता, तदबीर।
अध्वनीन, **अध्वन्य** } त्रि. पथिक। मुसाफ़िर।
अध्वर, पु. यज्ञ, एक वसुदेवता, (त्रि) सावधान।
अध्वरथ, पु. दूत। क़ासिद।
अध्वर्यु, पु. यजुर्वेदके जाननेहारा, ऋत्विक् (स्त्री) (र्यू) उस वंशकी स्त्री।
अध्वान्त, न. थोड़ासा अंधेरा।
अन, न. प्राश, छकड़ा, अनाज।
अनक, त्रि. नीच, छोटा। अदना।
अनक्षर, त्रि. मूर्ख, जो एक अक्षर नहीं जानता।
अनगार, पु. मुनि, (त्रि) जिसका घर नहीं।
अनग्नि, पु. श्रुतिस्मृतिमें विहित कर्म्मके न करनेहारा। [लगगई हो।
अनग्निका, स्त्री. ऐसी क्वारी कन्या जिसे ऋतु आने
अनघ, त्रि. निष्पाप। बेगुनाह। [गहीन।
अनङ्ग, पु. कामदेव, (न) आकाश, मन, (त्रि) अं-
अनच्छ, त्रि. मैला, न खुश। [अंजनरहित।
अनञ्जन, न. आकाश, पादब्रह्म (पु) नारायण (त्रि)
अनडुह्, पु. बैल (स्त्री) (ही) गाय।
अनद्य, पु. गोरी सरसों।
अनध्याय, पु. जिन दिनों पढ़ना नहिं ८ मी, १४ श, १५ शी, पड़वा, यमद्वितीया।
अनन्त, पु. विष्णु, बलराम, शेषनाग, (न) ब्रह्म, आकाश, अभ्रक (त्रि) हद्द, जैनऋषि (स्त्री) (न्ता) पार्वती, पृथिवी, हरड़, दूब। [आवाज़।
अनन्तगौर, पु. इलम मौसीकीमें एक किसमकी
अनन्तचतुर्दशी, स्त्री. भादों शुदि चौदश, इसमें अनन्तका व्रत और पूजन होता है।
अनन्तजित, पु. विष्णु, चौवीस जिनोंमेंसे चौदवां जिन।
अनन्तदेव, पु. विष्णु, शेपनाग।
अनन्तमूल, पु. औषधिविशेष।
अनन्तरूप, पु. भगवान्, विष्णु।

अनन्तविजय, पु. राजा युधिष्ठिरका शंख ।
अनन्तवीर्य, त्रि. जिसका बे अन्त बल हो, (पु) तेईसवां जिन । [पूर्णिमासी ।
अनन्तिका, स्त्री. माघ कार्तिक और विशाखकी
अनन्य, त्रि. एक भक्त, आत्मा, । लासानी ।
अनन्यगतिक, त्रि. एकाश्रय । जिसने एकही-पर भरोसा किया है ।
अनन्यचेतस्, त्रि. एकाग्रचित्त यकदिल ।
अनन्यज, पु. कामदेव, (त्रि) जो खुद पैदा हो ।
अनन्यवृत्ति, त्रि. एकाम, एकतान ।
अनन्वय, पु. अर्थालंकारविशेष, (त्रि) अन्वयरहित ।
अनन्वित, त्रि. असंगत । बेतरतीब ।
अनपत्य, त्रि. निःसंतान । बेऔलाद ।
अनपर, पु. ब्राह्मण ।
अनपाय, त्रि. लाज़वाल, नाशरहित ।
अनपायिन्, त्रि. स्थिर, अविनाशी, लाचार ।
अनपेक्ष, त्रि. निरपेक्ष । आज़ाद, बेपरवाह ।
अनभिज्ञ, त्रि. मूर्ख । जाहिल ।
अनभियुक्त, त्रि. निरादृत । बेइज़्ज़त ।
अनमस्य, त्रि. नमस्कारके अयोग्य ।
अनय, पु. दुर्दैव, विपदा, पाप, (त्रि) बदइख़लाकी ।
अनर्गल, त्रि. बेरोक ।
अनर्घ(र्घ्य), त्रि. अमूल्य । बेबहा । [नहिं ।
अनर्थ, त्रि. खराबी, (पु) विष्णु (त्रि) जिसका अर्थ
अनर्थक, न. ऐसा वचन जिसका अर्थ कुछ नहिं ।
अनर्थिन्, त्रि. बेपरवाह, बेख़ाहिश ।
अनल, पु. आग, कृत्तिकानक्षत्र ।
अनलि, पु. मुनिवृक्ष, वकवृक्ष ।
अनल्प, त्रि. बहुत सारा ।
अनव, त्रि. पुराना । जो नया नहीं । [नहिं ।
अनवगीत, त्रि. उत्तम यशवाला, जो निंदायोग्य
अनवग्रह, त्रि. जिसका कुछ पलटा न होसके ।
अनवद्य, त्रि. तअरीफ़के लायक ।
अनवधान, न. ग़फ़लत, बेख़बरी, भूल ।
अनवधानता, स्त्री. प्रमाद । बेख़बरी ।
अनवम, त्रि. सदृश, कम नहिं ।
अनवर, त्रि. श्रेष्ठ, पूज्य, प्रधान ।
अनवरत, त्रि. निरन्तर। हमेशा, लगातार, उमदह।
अनवरार्ध्य, त्रि. नेक, सरदार, दूसरा आधा ।
अनवसर, त्रि. बेफ़ुरसद, बेमौक़अ ।
अनवस्कर, त्रि. निर्मल, साफ़, पवित्र ।
अनवस्थ, त्रि. चंचल (स्त्री) (स्था) दलीलका दोष, नापायदारी ।
अनवस्थित, त्रि. मुतलव्विन दिल, (स्त्री) (ति)ना क़ायमी, (पु) पवन । [खायाहुआ ।]
अनशन, न. उपवास (त्रि) अभुक्त । फ़ाक़ा, न
अनश्वर, त्रि. अव्यय । लाज़वाल ।
अनस्, न. छकड़ा, गाड़ी । अनाज, ज़िन्दगी, (स्त्री) (स्त्री) माता ।
अनसूय, त्रि. असूयारहित । बेहसद ।
अनाकर, त्रि. निराकार । बेशकल ।
अनाकुल, त्रि. न घबराया हुआ ।
अनाक्रान्त, त्रि. न हारा हुआ । न दबा हुआ । (स्त्री) (न्ता) कंडियारी बेल ।
अनागत, त्रि. भावी । ग़ैरहाज़िर, न आया हुआ ।
अनागतार्तवा, स्त्री. जिस स्त्रीको ऋतु नहीं आई ।
अनागस्, पु. पवित्र । बेगुनाह ।
अनाचार (रिन्), पु. दुष्ट (त्रि) बदचलन ।
अनाथ, त्रि. यतीम, बेमालक ।
अनादर, पु. बेइज़्ज़ती (त्रि) बेइज़्ज़त हुआ ।
अनादि, त्रि. जिसका आदि नहिं (न) ब्रह्म ।
अनादिनिधन, पु. परमेश्वर, (त्रि) जिसका आदि अन्त नहिं ।
अनादीनव, त्रि. निर्दोष बेकसूर ।
अनादृत, त्रि. अवज्ञात । बेइज़्ज़त ।
अनादेय, त्रि. न लेनेयोग्य ।
अनाधृष्य, त्रि. न मग़लूब, बेक़ाबू ।
अनापन्न, त्रि. न हासिल हुआ २ ।
अनामक, न. एक बीमारी, (त्रि) जिसका नाम नहिं ।
अनामय, न. कुशल, सेहत, (त्रि) जिसको बीमारी नहिं, तनदरुस्त । [उंगली ।
अनामा (मिका), स्त्री. चिटली उंगलीकेपासकी
अनायत, त्रि. पासका, न लंबा ।
अनायास, पु. सहूलियत, (न) आसान ।
अनायासकृत, त्रि. आसानीसे किया हुआ, सहजे किया हुआ ।
अनारत, न. सदा, हमेशा, लगातार । [फ़रेबी ।
अनार्जव, न. कुटिलता, (पु) रोग, (त्रि) कुटिल ।

अनार्य, (क) त्रि. न. श्रेष्ठ, नीच, कमीना ।
अनार्यज, न. चंदन, गोरोचन (त्रि) अनार्यके घर वा देशमें उत्पन्न ।
अनार्यजुष्ट, त्रि. जो काम बडे लोग नहीं करते हैं।
अनाविल, त्रि. स्वच्छ; साफ़ ।
अनावृत, त्रि. खुला हुआ, न ढका हुआ ।
अनावृष्टि, स्त्री. वर्षाकी रोक ।
अनाश्रित, त्रि. फलकी इच्छारहित ।
अनासन्न, त्रि. दूरका, जो पास नहिं ।
अनास्था, स्त्री. अविश्वास । बेएहतिकादी ।
अनाहत, त्रि. नया वस्त्र, (न) हृदयके १२ चक्रोंमेंसे एक ।
अनाहार, पु. अनशन । फ़ाका ।
अनाहूत, त्रि. न बुलाया हुआ ।
अनिकेत(तन), पु. संन्यासी, (त्रि) बेघरा ।
अनिक्षु, पु. वृक्षविशेष; किलक, काही ।
अनिच्छु, पु. इच्छारहित । बेख़ाहिश ।
अनित्य, त्रि. अविनाशी । फ़ानी ।
अनिद्र, पु. परमात्मा, (त्रि) निद्रारहित ।
अनिन्द्य, त्रि. जो निंदाके योग्य नहिं ।
अनिपुन(ण), त्रि. मूर्ख ।
अनिभृत, त्रि. खुल्लमखुल्ला ।
अनिमिष, पु. देवता, मछली (त्रि) जो झिमके नहिं।
अनिमिषक्षेत्र, न. नैमिष अरण्य, जंगल ।
अनिमिषाचार्य, पु. गुरु, बृहस्पति ।
अनियत, त्रि. अनित्य । नाकायम ।
अनिमेष, पु. अनिमिष देखो ।
अनियन्त्रित, त्रि. उच्छृंखल । आज़ाद ।
अनिरुद्ध, पु. कंदर्पका पुत्र, कृष्णजीका मित्र (त्रि) आज़ाद (न) घोड़ेकी पिछाड़ी । [हुई नहिं ।]
अनिरुद्ध-पथ, न. आकाश (त्रि) जिसकी राह रुकी
अनिर्वचनीय, त्रि. अवाच्य, (न.) आकाशआदि, परमात्मा, स्त्री (या) माया ।
अनिर्विण्ण, त्रि. निर्घृण, विषादरहित । बेरंज ।
अनिल, पु. पवन, आठ वसुओंमेसे एक, स्वाती नक्षत्र ।
अनिलवन्धु, पु. आग ।
अनिलसख, पु. आग । आतिश।
अनिलात्मज, पु. हनूमान, भीम ।
अनिलाशिन्, पु. सांप (त्रि) हवाखोरा ।
अनिश, त्रि. लगातार, हमेशा ।
अनिष्ट, न. दुःख, पाप (त्रि) जो पसंद नहीं ।
अनिष्ठुर, त्रि. साफ़ दिलवाला, रहीम ।
अनीक, न. रण, फौज, (पु) जंग । [चिन्ह.
अनीकस्थ, पु. सैन्य, महौत, नशानआदि सेनाके
अनीकिनी, स्त्री. फौज, फौजकी तादाद २१०७ हाथी, २१८७ रथ, ६५६१ घोडे, १०९३५ पैदल ।
अनीति, स्त्री. बुरा इख़लाक, जबरदस्ती, बेईमानी।
अनीदृश्(श), त्रि. जो ऐसा नहिं ।
अनीश, पु. विष्णु, नास्तिक ।
अनीश्वर, त्रि. मुलहिद । [आलस ।]
अनीह, त्रि. सुस्त, आलसी, (स्त्री) (हा) सुस्ती,
अनु, व्य. हरफ़े रबत जो, साथ, पीछे, छोटाई, मुताबिकत, निशान, एक २ भाग, मानिंद, इसलिये, इसीतरहसे, नज़दीक, को, किनारे २ इन अर्थोंमें आता है ।
अनुक, त्रि. शहवती (व्य) दलील ।
अनुकर्ष, पु. रथ आदिके नीचेकी लकडी, खैंच।
अनुकरण, न. नकल करना।
अनुकर्षण, न. खैंचना, बुलाना ।
अनुकल्प, पु. प्रतिनिधि । कायम मुकायम ।
अनुकार, पु. नकल करना ।
अनुकारिन्, त्रि. नकल करनेवाला ।
अनुकीर्ण, त्रि. फैला हुआ । मुहीत ।
अनुकूल, त्रि. मुताबिक, अनुसार, सहायक ।
अनुक्रम, पु. यथाक्रम । तरीकहवार ।
अनुक्रमणिका, स्त्री. दीवाचह ।
अनुक्रोश, पु. दया, कृपा ।
अनुक्षण, न. हर लहमे, हमेशह ।
अनुग, त्रि. नौकर, साथी, मालिक ।
अनुगत, त्रि. सेवक, अधीन, शरणागत ।
अनुगवीन, पु. गोपाल; ग्वाला ।
अनुगामिन्, त्रि. नौकर, शागिर्द, पैरौ ।
अनुगुण, व्य. सदृश । बराबर ।
अनुग्रह, पु. मेहरबानी, दरिद्री आदिकी परवरिश ।
अनुग्राहक, त्रि. समर्थक । मेहरबान ।
अनुग्राहिन्, त्रि. मेहरबानी करानेवाला ।

अनुचर, त्रि. नौकर आदि।
अनुचित, त्रि. नामुनासिब।
अनुज, पु. छोटा भाई, (स्त्री) (जा) छोटी बहिन।
अनुज्ञा, स्त्री. अनुमति। इजाज़त।
अनुज्ञात, त्रि. इजाजत दिया हुआ।
अनुतर्ष, न. मद पीनेका प्याला।
अनुताप, पु. पछतावा।
अनुदात्त, पु. नीची स्वर, वेदपाठमें धीमी स्वर।
अनुदित, त्रि. न कहा हुआ, न चढ़ा हुआ।
अनुनय, पु. हलीमी, सलाम, आजज़ी।
अनुपद, व्य. पद २ में (न) पीछेसे।
अनुपदिन्, त्रि. तलाश करनेवाला, (त्रि) पीछे चलनेवाला।
अनुपदीना, स्त्री. पादुका; खड़ाओ, जूती।
अनुपम, त्रि. लासानी, बेमिसल (स्त्री) (मा) कुमुद नामदिक् गजकी हथिनी। [न पैदा हुआ २
अनुपन्न, त्रि. अयुक्त। नामुनासिब। न तैयार,
अनुपयुक्त, त्रि. अयोग्य। नामुनासिब।
